वाणिज्य विभाग
डी0एस0बी0 परिसर
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

DEPARTMENT OF COMMERCE
D.S.B. CAMPUS
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL
E-mail: deptcommercedsbcampus@gmail.com

पत्रांक: वाणिज्य/ प्रवेश/2024/मेमो

दिनांक: 16/06/2024

## प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक सूचना
## बी० कॉम० प्रथम सेमेस्टर (शिक्षण सत्र 2024-25)

वाणिज्य विभाग, डी० एस० बी० परिसर, नैनीताल में बी० कॉम० प्रथम सेमेस्टर (शिक्षण सत्र 2024-25) में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी, जिनके द्वारा समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया गया था, की प्रथम वरीयता सूची के प्रवेश के पश्चात अवशेष रिक्त सीटों के सापेक्ष छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिए जाने हैं। अतः ऐसे समस्त अभ्यर्थीयों को, जिनके द्वारा दिनांक 01 जून से 14 जून के मध्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से डी० एस० बी० परिसर नैनीताल में बी० कॉम० प्रथम सेमेस्टर हेतु आवेदन किया है, को सूचित किया जाता है कि वे ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावों के सापेक्ष अपने समस्त शैक्षिक व अन्य प्रमाण पत्रों तथा ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रति के साथ प्रवेश हेतु निर्धारित अंतिम तिथि, दिनांक 20 जून 2024 तक वाणिज्य विभाग, डी०एस०बी० परिसर, नैनीताल में (प्रातः 11.00 बजे से अपराहन 3.00 बजे) उपस्थित होकर अपना प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। दिनांक 20 जून 2024 के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी के प्रवेश सम्बन्धी दावे पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त ऐसे अभ्यर्थी जिनका नाम प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता सूची में अंकित था, किन्तु किसी कारणवश वे प्रवेश हेतु उपस्थित नहीं हो पाए थे, को भी अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 20 जून 2024 तक (प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर) एक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। अतः ऐसे समस्त अभ्यर्थी भी उपरोक्तानुसार अपना प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

16/6/2024

विभागाध्यक्ष- वाणिज्य
डी0एस0बी0 परिसर
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल